प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 12.11.2025 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लोक नायक जय प्रकाश नारायण अस्पताल पहुंचकर दिल्ली धमाके में घायल हुए लोगों से की मुलाकात : कहा– बख्शे नहीं जाएंगे साजिश में शामिल लोग।
2. दिल्ली धमाके के बाद उत्तर प्रदेश में हाईअलर्ट जारी : हापुड़ में ढाई किलो विस्फोटक और 38 किलोग्राम हाइड्रो फ्लोरिक एसिड केमिकल के साथ तीन लोग गिरफ्तार।
3. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लखनऊ में एफआईएच हॉकी पुरुष जूनियर विश्व कप 2025 की ट्रॉफी का किया स्वागत : कहाः प्रदेश के हॉकी खिलाड़ियों ने दुनिया में बढ़ाया देश का मान। और
4. राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में खराब वायु गुणवत्ता के मद्देनज़र ग्रैप का तीसरा चरण लाग् : लखनऊ, कानपुर, वाराणसी, गोरखपुर समेत राज्य के 10 ज़िलों में वायु प्रदूषण बेहद गंभीर स्तर पर ।

———————

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज लोक नायक जय प्रकाश नारायण अस्पताल पहुंचकर सोमवार को दिल्ली धमाके में घायल हुए लोगों से मुलाकात की। प्रधानमंत्री भूटान की दो दिन की यात्रा संपन्न होने के बाद हवाई अड्डे से सीधे

अस्पताल पहुंचे। उन्होंने घायलों से बातचीत की और उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। अस्पताल के डॉक्टरों तथा वरिष्ठ अधिकारियों ने प्रधानमंत्री को घायलों के बारे में जानकारी दी। एक सोशल मीडिया पोस्ट में, श्री मोदी ने कहा कि इस साजिश में शामिल लोगों को बख्शा नहीं जाएगा।

वहीं प्रदेश की राज्यमंत्री गुलाबदेवी ने अमरोहा पहुंचकर दिल्ली बम धमाके में जान गंवाने वाले लोगों के परिजनों से म़ुलाकात कर शोक व्यक्त किया। उन्होंने दोनों मृतकों के परिवारों को सांत्वना दी और कहा कि सरकार मृतकों के परिवारों को हर संभव सहायता प्रदान करेगी।

——————————

दिल्ली में हुए ब्लास्ट के बाद प्रदेश भर में अलर्ट है। इसी क्रम में हापुड़ के थाना पिलखुवा पुलिस ने चेकिंग के दौरान अलग–अलग स्थानों से तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से ढाई किलो ग्राम विस्फोटक और 38 किलोग्राम हाइड्रो फ्लोरिक एसिड केमिकल बरामद हुआ है। हापुड़ के अपर पुलिस अधीक्षक विनीत भटनागर ने बताया कि पकड़े गए आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और विभिन्न बिंदुओं को लेकर जांच की जा रही है। बाइट.....

*सीतापुर के रहने वाले कुछ मजदूर लोग जो दिल्ली में और पानीपत में काम करते थे किसी फैक्ट्री में वहां से वह कुछ पदार्थ लेकर के आ रहे थे*

*जो कि प्रतीत हुआ कि यह गंधक है लगभग 2 किलो और उसको उन्होंने बताया कि उसको नाल में चलाने के लिए और अपनी पराली जलाने के लिए इसको लेकर के जा रहे हैं। इसकी भी तसदीक करी जाएगी और इसका भी एक एफआईआर पंजीकृत हुई तो इस प्रकार से हमारी जो यह सर्चिंग का जो ऑपरेशन चल रहा है उसमें यह तीन घटनाएं प्रकाश में आई है। तीनों में अभियुक्त दर्ज किए गए हैं।*

————————

**मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज लखनऊ में एफआईएच हॉकी पुरुष जूनियर विश्व कप 2025 की ट्रॉफी का स्वागत किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में इस ट्रॉफी का आना यूपी के स्वर्णिम इतिहास का स्मरण कराने वाला क्षण है। मुख्यमंत्री ने प्रदेश में जन्मे हॉकी के जादूगर के रूप में विख्यात मेजर ध्यानचंद और के.डी.सिंह बाबू का भी याद किया। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार खेलों को बढ़ावा देने के लिए निरंतर काम कर रही है। बाइट......**

*हमारी सरकार मेरठ में मेजर ध्यानचंद स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी का निर्माण कार्य कर रही है। इसके साथ ही भारतीय हॉकी के यशस्वी जो खिलाड़ी थे श्री केडी सिंह बाबू की स्मृति को जीवंत बनाए रखने के लिए बाराबंकी में स्थित उनके पैतृक आवास को हॉकी इंडिया के अच्छे म्यूजियम को बनाने की कार्यवाही वहां पर वर्तमान में राज्य सरकार की चल रही है। उत्तर प्रदेश ने अनेक ऐसे हॉकी के खिलाड़ी दिए हैं जिन लोगों ने हॉकी इंडिया को गौरवान्वित करके भारत को दुनिया में एक सम्मान दिलाया है।*

**एफआईएच हॉकी पुरुष जूनियर विश्व कप 2025 का आयोजन 28 नवंबर से 10 दिसंबर तक चेन्नई और मदुरै में**

होगा। टूर्नामेंट में भारत, चीन, बेल्जियम जापान, स्पेन, न्यूजोलैंड, ऑस्ट्रेलिया समेत 24 टीमें हिस्सा ले रही हैं।

——————

यूपी बोर्ड ने वर्ष दो हजार छब्बीस की हाईस्कूल और इण्टरमीडिएट परीक्षा की समय–सारणी में इंटरमीडिएट संस्कृत और अंग्रेजी विषय की परीक्षा एक ही दिन में होने की वजह से समय–सारणी में बदलाव किया है। अंग्रेजी की परीक्षा तय तिथि बीस फरवरी को दूसरी पाली में ही होगी लेकिन संस्कृत की परीक्षा बीस फरवरी की बजाय बारह मार्च को दूसरी पाली में करायी जायेगी।

——————

केंद्रीय वाणिज्य उद्योग और सूचना प्रौद्योगिकी राज्यमंत्री जितिन प्रसाद आज पीलीभीत में लोकनायक बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित जनजातीय गौरव दिवस में शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने नेपाल सीमा पर बसी थारू समाज की महिलाओं को सम्मानित भी किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री प्रसाद ने लोकनायक बिरसा मुंडा के स्वतंत्रता संग्राम में दिए गए अमूल्य योगदान पर प्रकाश डाला।

——————

**ब्रेक**

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

——————————

प्रदूषण का स्तर गंभीर श्रेणी में पहुंचने और वायु गुणवत्ता सूचकांक 401 से 450 पहुंचने के बाद दिल्ली एनसीआर में ग्रैप का तीसरा चरण लागू किया गया है इसके तहत कई प्रतिबंध और दिशा निर्देश राष्ट्रीय राजधानी में लागू हो गए हैं। पेश है एक रिपोर्ट.....

*दिल्ली एनसीआर में वायु प्रदूषण खतरनाक स्तर पर पहुंच गया है। राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में वायु गुणवत्ता 'बेहद खराब' से बढ़कर 'गंभीर' स्तर पर पहुंच गई है। इसको देखते हुए वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग ने एनसीआर में ग्रैप–3 के सभी उपाय तुरंत प्रभाव से लागू कर दिए हैं। इस दौरान गैर जरूरी निर्माण और विध्वंस गतिविधियों पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया गया है। साथ ही पीएस–थ्री पेट्रोल और बीएस–4 डीजल के चारपहिया वाहनों पर भी प्रतिबंध लगा दिया गया है। हालांकि आवश्यक वस्तुएं या आवश्यक सेवाएं प्रदान करने वाले वाहनों पर कोई रोक नहीं है। विशाल धर दुबे।*

वहीं प्रदेश के अन्य हिस्सों में भी वायु प्रदूषण खतरनाक स्तर पर दर्ज किया गया है। लखनऊ 204, वाराणसी 269 एक्यूआई और गोरखपुर 409 एक्यूआई स्तर के साथ सबसे अधिक वायु प्रदूषण वाले शहर हैं। वहीं

मेरठ, जौनपुर, हापुड़, अलीगढ़, बागपत और बुलंदशहर में भी वायु प्रदूषण का स्तर बेहद खराब स्तर पर बना हुआ है।

—————————

पूरा देश राष्ट्र–गीत वंदे मातरम की रचना के 150वें वर्ष का उत्सव मना रहा है। इस गीत ने भारतीयों के कई पीढ़ियों को एकजुट रहने और राष्ट्रीय भावना से गौरवान्वित होने के लिए प्रेरित किया। प्रस्तुत है वंदे मातरम के सबसे लोकप्रिय और मान्यता प्राप्त संस्करण राग देश पर एक रिपोर्ट.....

*वंदे मातरम की राजसी धुन देशभक्ति की गहराईयों को प्रतिध्वनित करते हुए, रागदेश में बुनी गई है। वंदे मातरम का सबसे लोकप्रिय और मान्यता प्राप्त संस्करण रागदेश में आधारित है। महान शास्त्रीय गायक पंडित भीमसेन जोशी ने राग देश में उनके भाव–विभोर कर देने वाले गायन ने भक्ति की ऐसी ज्वाला प्रज्वलित की, कि मानो मातृभूमि का सार हर सुर, हर वाक्य और हर ताल में समा गया हो। वंदे मातरम की अनगिनत धुनें और रचनाएँ हमारी समृद्ध और विविध संगीत विरासत का अभिन्न अंग हैं। शिवांग और सौम्या की रिपोर्ट के साथ, समाचार कक्ष से शक्ति सिंह।*

—————————

आज लोक सेवा प्रसारण दिवस है। यह दिवस हर वर्ष 12 नवंबर को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के रेडियो से दिए गए ऐतिहासिक संबोधन के उपलक्ष्य में मनाया जाता है।

*मैं रेडियों से बोलू आपके लिए और आपके सामने तो अच्छा होगा, जब पीछे जा सकता हूं तो जाऊ तो मैं तो आपके पास आने की कोशिश कर रहा हूं। मैंने कुछ भी हिंदुस्तान की सेवा की है या तो कहूं तो जगत की क्योंकि मेरे पास हिन्दूस्तान और जगत कोई अनोखी चीज नहीं है।*

*प्रसारण के इतिहास में आज का दिन एक ऐसा ऐतिहासिक दिवस है जब राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने 1947 में दिल्ली स्थित प्रसारण भवन का पहला और एकमात्र दौरा किया था। गांधी जी ने दीपावली पर एक विशेष प्रसारण के माध्यम से पाकिस्तान में विस्थापित और कुरुक्षेत्र में ठहरे हुए शोकाकुल भारतीयों को संबोधित किया था। लोक सेवा प्रसारण दिवस, प्रसारकों को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के आदर्शों और शिक्षाओं को देश के कोने–कोने तक पहुंचाने के लिए प्रेरित करता है। नितिका के साथ, आदर्श आकाशवाणी समाचार, दिल्ली।*

––––––––––

प्रदेश के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने आज वाराणसी में आयोजित विंध्याचल मंडल की रबी उत्पादकता गोष्ठी में शिरकत की। इस दौरान कृषि मंत्री ने किसानों से जैविक खेती को बढ़ावा देने का आह्वान किया। उन्होंने किसानों से अपील की कि सरकार द्वारा उपलब्ध बीज औऱ खाद प्राप्त कर समय से बुआई करें जिससे उत्पादकता बढ़ाई जा सके।

––––––––––

जौनपुर के वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय में जल्द ही अत्याधुनिक ऑटोमेटिक वेदर स्टेशन स्थापित किया जाएगा। यह ऑटोमेटिक वेदर स्टेशन मौसम संबंधी जानकारियां स्वचालित रूप से एकत्र कर सीधे केंद्रीय सर्वर पर भेजेगा।

(समाप्त)